# Daily Current Affairs

Date : 02 August, 2025

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान का 7वाँ वित्त आयोग |
| 2. | राजस्थान में लंग्स कैंसर के मामले |
| 3. | अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत NCCF एवं कॉनफेड के मध्य MoU |
| 4. | राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग की बुजुर्गों पर रिपोर्ट |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. अंगदान शपथ में हनुमानगढ़ प्रदेश में प्रथम<br>2. दौसा न्यायालय भवन में नवनिर्मित 6 न्यायालय भवन<br>3. रामदेवरा में नेत्र कुंभ का शुभारंभ<br>4. महाराणा कुम्भा कला भवन<br>5. 'गिव अप अभियान' में राजस्थान के 5 शीर्ष जिले |
| 6. | राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन : 7 नए उत्कृष्टता केंद्रों को मान्यता |
| 7. | हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान अभियान |
| 8. | लीवर सिरोसिस |
| 9. | दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी : राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित |
| 10. | 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 11. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. राज कुमार अरोड़ा : रक्षा लेखा महानियंत्रक<br>2. डॉ. मयंक शर्मा : वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवा)<br>3. वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन : नौसेना के 47वें उप प्रमुख<br>4. IPS बिनीता ठाकुर: CISF की नई ADG<br>5. डॉ. ए. राजराजन<br>6. सस्टेनेबल एग्रीकल्चर डे : 7 अगस्त |
|---|---|


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान का 7वाँ वित्त आयोग

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **01 अगस्त, 2025 को राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के 7वें वित्त आयोग के गठन की घोषणा की गई।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **7वें वित्त आयोग के अध्यक्ष : अरुण चतुर्वेदी।**
- **अरुण चतुर्वेदी पूर्व कैबिनेट मंत्री है तथा राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके हैं।**
- **7वें वित्त आयोग के सदस्य सचिव : रिटायर्ड आईएएस नरेश ठकराल।**
- **आयोग के अध्यक्ष और सदस्य सचिव 01 अगस्त, 2025 से डेढ़ वर्ष की कालावधि के लिए पद धारण करेंगे।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### राज्य वित्त आयोग:

- **प्रावधान :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-I में प्रावधान है कि राज्य का राज्यपाल 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के प्रारंभ से एक वर्ष के भीतर यथाशीघ्र और उसके बाद प्रत्येक पाँचवें वर्ष की समाप्ति पर पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने और राज्यपाल को सिफारिशें करने के लिए एक वित्त आयोग का गठन करेगा।
- इसी प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 243-Y में नगरपालिकाओं के लिए प्रावधान है।
- **कार्य :** अनुच्छेद 243-I और 243-Y में प्रावधान है कि राज्य वित्त आयोग राज्य, पंचायतों और नगरपालिकाओं के बीच राज्य द्वारा लगाए जाने वाले करों, शुल्कों, टोल और फीस की शुद्ध आय के वितरण को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों की सिफारिश करेगा।
- **आयोग की संरचना :** यह एक अध्यक्ष और अधिकतम चार सदस्य युक्त गठित एक निकाय है।
- अध्यक्ष और सदस्यों की संख्या का निर्धारण राज्यपाल द्वारा किया जाता है।
- राज्यपाल वित्त आयोग द्वारा की गई प्रत्येक सिफारिश को राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत करता है।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### 6th राज्य वित्त आयोग:

- **गठन :** 12 अप्रैल, 2021 राज्यपाल द्वारा।
- **अध्यक्ष :** प्रद्युम्न सिंह।
- **सदस्य :** डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सदस्य :** डॉ. अशोक लाहोटी।
- **सदस्य सचिव :** एस.सी. देराश्री।

**राजस्थान के राज्य वित्त आयोग:**


| राज्य वित्त आयोग | अध्यक्ष | गठन | कार्यकाल |
|---|---|---|---|
| 1st | कृष्ण कुमार गोयल | 24 अप्रैल, 1994 | 1995-1996 से 1999-2000 |
| 2nd | हीरा लाल देवपुरा | 7 मई, 1999 | 2000-2001 से 2004-2005 |
| 3rd | माणिक चंद सुराणा | मई, 2004 | 2005-2006 से 2009-2010 |
| 4th | बी.डी. कल्ला | 13 अप्रैल, 2011 | 2010-2011 से 2014-15 |
| 5th | डॉ. ज्योति किरण | जुलाई, 2014 | 2015-2016 से 2019-2020 |
| 6th | प्रद्युम्न सिंह | 12 अप्रैल, 2021 | 2020-2021 से 2024-2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में लंग्स कैंसर के मामले

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, रीजनल कैंसर रजिस्ट्री सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2016 से 2020 के बीच राजस्थान में 4,672 मरीजों में लंग्स कैंसर की पुष्टि हुई।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- राजस्थान में कुल दर्ज मामलों में 4,082 पुरुष और 590 महिलाएं हैं।
- **बीकानेर में लंग्स कैंसर के सर्वाधिक मामले :** वर्ष 2022-2023 में बीकानेर में 913 केस आए, जो प्रदेश के किसी भी जिले के सबसे अधिक हैं।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **लंग्स कैंसर :** लंग्स कैंसर फेफड़ों का कैंसर है। यह तब होता है जब फेफड़ों में असामान्य कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और एक ट्यूमर बना लेती हैं।

### लंग्स कैंसर के प्रकार:

- **नॉन- स्मॉल सेल लंग्स कैंसर (NSCLC) :** यह लंग्स कैंसर का सबसे सामान्य प्रकार है, जो सभी मामलों का लगभग 85 प्रतिशत होता है।
- **स्मॉल सेल लंग्स कैंसर (SCLC) :** यह प्रकार कम सामान्य है, लेकिन यह अधिक तेजी से बढ़ता है और अक्सर उन्नत चरण में निदान होता है।

### लंग्स कैंसर के कारण:

- धूम्रपान, सेकंड हैंड स्मोक, राडॉन गैस (एक प्राकृतिक गैस), ऐस्बेस्टस का संपर्क (ऐस्बेस्टस एक ज्ञात कैंसरजनक पदार्थ है), वायु प्रदूषण और आनुवंशिक कारक।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- प्रति वर्ष 1 अगस्त को वर्ल्ड लंग्स कैंसर दिवस मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु :** स्ट्रॉन्गर टुगेदर: यूनाइटेड फॉर लंग्स कैंसर अवेयरनेस।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत NCCF एवं कॉनफेड के मध्य MoU

## ➲ चर्चा में क्यों?

- राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) एवं भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (NCCF) द्वारा जॉइन्ट वेंचर के अंतर्गत जयपुर के वैशाली नगर में एक डिपार्टमेंटल स्टोर की शुरुआत की जाएगी।
- इस संबंध में हाल ही में NCCF एवं कॉनफेड के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **डिपार्टमेंटल स्टोर पर NCCF के 'जना:'** ब्राण्ड एवं कॉनफेड के 'उपहार' ब्राण्ड के उत्पाद प्रमुख रूप से उपलब्ध करवाए जाएंगे।
- **'जना:'** ब्राण्ड के ऑर्गेनिक उत्पाद एवं 'उपहार' ब्राण्ड के मसाले व मिलेट उत्पाद स्टोर पर उपलब्ध करवाए जाएंगे।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ कोओपरेटिव्स' (अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष) के रूप में मनाया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नोट : 17 जुलाई, 2025 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा जयपुर में आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव के दौरान 64 मिलेट आउटलेट्स का शुभारम्भ किया गया था।**

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान में सहकारी आंदोलन:**

- **राजस्थान में सहकारी आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 में अजमेर से हुई।**
- **वर्ष 1904 : डीग (भरतपुर) में राज्य के प्रथम सहकारी कृषि बैंक की स्थापना की गई।**
- **वर्ष 1904 : ब्रिटिश भारत सरकार द्वारा 'सहकारी ऋण समिति अधिनियम' पारित किया गया। तत्पश्चात 25 अक्टूबर, 1905 को भिनाय (अजमेर) में राज्य की प्रथम सहकारी समिति की स्थापना की गई।**
- **वर्ष 1910 : अजमेर में प्रथम केंद्रीय सहकारी बैंक की शुरुआत।**

**सहकारिता से संबंधित राजस्थान के प्रमुख संस्थान:**

| संस्थान का नाम | स्थापना | मुख्यालय |
|---|---|---|
| राजस्थान राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड (अपेक्स बैंक) | 1953 | जयपुर |
| राजस्थान राज्य सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (राजफैड) | 1957 | जयपुर |
| राजस्थान राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ (तिलम संघ) | 1990 | जयपुर |
| राजस्थान सहकारी शिक्षा और प्रबंधन संस्थान (RICEM) | 1990 | जयपुर |
| राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (RCDF) | 1977 | जयपुर |
| राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड, जयपुर (कॉनफेड) | 1967 | जयपुर |
| राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड | 1957 | जयपुर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग की बुजुर्गों पर रिपोर्ट



## ➲ चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के तकनीकी समूह की रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में 60 वर्ष से अधिक आयु वाली बुजुर्ग महिलाओं की आबादी अगले 6 वर्षों में 20.38 प्रतिशत बढ़कर 1 मार्च, 2031 तक 53.28 लाख हो जाएगी।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- यह वृद्धि बुजुर्ग पुरुषों से 2 प्रतिशत अधिक है।
- आंकड़ों के अनुसार, पुरुषों की औसत आयु 71 वर्ष और महिलाओं की 73 वर्ष रहने का अनुमान है।
- भारत में इस अवधि में बुजुर्गों की कुल आबादी 1 मार्च, 2031 तक 19.37 करोड़ तक पहुँच जाएगी, जिसमें 10.08 करोड़ महिलाएं होंगी।
- लिंगानुपात: भारत में प्रति हजार पुरुषों पर 1085 बुजुर्ग महिलाएं होंगी।
- वर्ष 2031 तक सर्वाधिक बुजुर्ग महिलाओं वाले शीर्ष राज्यों में राजस्थान 8वें स्थान पर होगा।


**प्रति हजार पुरुष पर बुजुर्ग महिलाएं और उनकी ग्रोथ रेट (2031 में अनुमानित):**

- **राजस्थान:** 1194
- **गुजरात:** 1089
- **हरियाणा:** 1080




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अंगदान शपथ में हनुमानगढ़ प्रदेश में प्रथम**<br><br>♦ राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) द्वारा राजस्थान में आयोजित ई-अंगदान शपथ अभियान में हनुमानगढ़ जिले ने 8000 से अधिक शपथकर्ताओं के साथ पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया।<br>♦ राज्य भर में अब तक 72,000 से अधिक लोग अंगदान की ई-शपथ ले चुके हैं। |
| 2. | **दौसा न्यायालय भवन में नवनिर्मित 6 न्यायालय भवन**<br><br>♦ राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन ने हाल ही में दौसा न्यायालय भवन में 6 नवनिर्मित न्यायालय भवनों का लोकार्पण किया।<br>♦ इस नवीन भवन में 6 न्यायालय संचालित किए जाएंगे, जिनमें पारिवारिक न्यायालय, पोक्सो न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (MACT), अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-2 और अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय शामिल हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **रामदेवरा में नेत्र कुंभ का शुभारंभ**<br><br>♦ 31 जुलाई, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर के रामदेवरा में नेत्र कुंभ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।<br>♦ नेत्र कुंभ शिविर का आयोजन 33 दिन तक चलेगा। |
| 4. | **महाराणा कुम्भा कला भवन**<br><br><br>♦ हाल ही में, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर में 'महाराणा कुम्भा कला भवन' का लोकार्पण किया।<br>♦ इसके अलावा राज्यपाल ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बप्पा रावल सभागार में 'मोहनलाल सुखाड़िया स्मृति व्याख्यान-2025' में भी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। |
| 5. | **'गिव अप अभियान' में राजस्थान के 5 शीर्ष जिले**<br><br><br>♦ राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में सक्षम व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए चलाया जा रहा अभियान लगातार सफलता प्राप्त कर रहा है। अभियान के तहत 5 जिलों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।<br>♦ **5 शीर्ष जिले :** जयपुर, सीकर, उदयपुर, बीकानेर, बांसवाड़ा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन : 7 नए उत्कृष्टता केंद्रों को मान्यता

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, खान मंत्रालय ने राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) के अंतर्गत चार IIT और तीन अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं सहित सात संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी है।




### मुख्य बिंदु :

**उत्कृष्टता केंद्र:**

- IIT बॉम्बे
- IIT हैदराबाद


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- IIT - ISM धनबाद
- IIT रुड़की
- CSIR - IMMT, भुवनेश्वर
- CSIR - NML, जमशेदपुर
- NFTDC, हैदराबाद

**राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM):**

- देश को महत्त्वपूर्ण खनिजों में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वर्ष 2025 में NCMM की शुरुआत की।

**अन्वेषण परियोजनाएं:**

- इस मिशन के तहत् भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) को वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक 1,200 अन्वेषण परियोजनाएं संचालित करने का कार्य सौंपा गया।
- **महत्त्वपूर्ण खनिजों की पहचान:** नवंबर, 2022 में खान मंत्रालय द्वारा गठित समिति ने 30 महत्त्वपूर्ण खनिजों की पहचान की।
- **MMDR अधिनियम में संशोधन:** इनमें से 24 खनिजों को MMDR अधिनियम, 1957 की अनुसूची I के भाग D में शामिल किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **CECM की स्थापना:** खनिज सूची को नियमित अपडेट करने और रणनीति निर्माण के लिए "महत्त्वपूर्ण खनिजों पर उत्कृष्टता केंद्र" (CECM) की स्थापना की सिफारिश की गई।
- **स्वच्छ ऊर्जा तकनीक में उपयोग:** महत्त्वपूर्ण खनिज सौर पैनल, पवन टर्बाइन, ईवी और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों में आवश्यक हैं।
- **लक्ष्य - आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा:** इन खनिजों की दीर्घकालिक उपलब्धता और प्रसंस्करण सुनिश्चित करने हेतु NCMM की शुरुआत की गई।
- **राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास से जुड़ाव:** महत्त्वपूर्ण खनिजों की कमी या कुछ क्षेत्रों में संकेन्द्रण से आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ सकता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास प्रभावित हो सकते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान अभियान




## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" अभियान की जानकारी प्रदान की।

## मुख्य बिंदु :

- संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, संस्कृति मंत्रालय द्वारा 26 नवंबर, 2024 (संविधान दिवस) को एक वर्ष का स्मरणोत्सव शुरू किया गया था।
- **टैगलाइन :** "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान"।

**उद्देश्य :**

- सार्वजनिक चेतना में भारत के संविधान के लिए एक दृश्य मार्कर बनाना।
- भारत के संविधान के विवरण के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- संविधान के निर्माण के अथक परिश्रम को सार्वजनिक पटल पर लाना।
- भारत के लोगों में संविधान के प्रति गौरव की भावना उत्पन्न करना।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## लीवर सिरोसिस

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज़ (ILBS) नई दिल्ली और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (NIPER) गुवाहाटी के वैज्ञानिकों ने VEGF-C नामक एक शक्तिशाली प्रोटीन युक्त नैनोकैरियर का उपयोग कर आंत की लसीका शिथिलता को सुधारने और लसीका जल निकासी को बेहतर बनने हेतु नया उपाय खोजा हैं।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के नैनो मिशन द्वारा वित्त पोषित और JHEP रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित यह पहला शोध है जो VEGF-C के साथ चिकित्सीय लिम्फेंजियोजेनेसिस खंडित लसीका नेटवर्क के पुनर्निर्माण और उन्नत सिरोसिस में लसीका कार्य और जल निकासी को बहाल करने के लिए एक आशाजनक उपचार है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


- उन्नत सिरोसिस वाले मरीजों में अक्सर पेट में तरल पदार्थ जमा होने (एसाइटिस) जैसी जटिलताओं के साथ डीकंपनसेशन विकसित होता है।

- लीवर कंजेशन और पोर्टल वैस्कुलर सिस्टम के दबाव में वृद्धि के कारण, सिरोसिस में पेट के लसीका का उत्पादन 30 गुना बढ़ जाता है।

- **वैस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर-सी (VEGF-C) :** एक प्रमुख प्रो-लिम्फेंजियोजेनिक कारक है जो एक कोशिका झिल्ली टायरोसिन किनसे रिसेप्टर, वैस्कुलर एंडोथेलियल ग्रोथ फैक्टर रिसेप्टर-3 (VEGFR-3) से जुड़कर लिम्फेंजियोजेनेसिस या नई लसीका वाहिका वृद्धि को सक्रिय करता है, जिसकी सक्रियता नई लसीका वाहिकाओं के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**यकृत की संरचना :**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यकृत एक त्रिकोणीय, द्विपाली संरचना है, जिसमें एक बड़ा दायाँ भाग और एक छोटा बायाँ भाग दोनों आपस में फाल्सीफॉर्म लिगामेंट द्वारा अलग रहते हैं।
- **यकृत आवरण :** यह ग्लिसन कैप्सूल नामक रेशेदार ऊतक से बना होता हैं, जो यकृत को शारीरिक क्षति से बचाता है।
- **हेपेटिक पोर्टल शिरा :** यह पाचन तंत्र से पोषक तत्वों से भरपूर रक्त को यकृत तक ले जाती है।
- **यकृत धमनी :** यह हृदय से ऑक्सीजन युक्त रक्त को यकृत तक ले जाती है।

**यकृत के कार्य :**

- पित्त का उत्पादन (पित्त विटामिन K के अवशोषण हेतु उत्तरदायी हैं)
- बिलीरुबिन का अवशोषण।
- प्रतिरक्षात्मक कार्य (कुफ़र कोशिकाएँ)
- विटामिन (A, D, E और B12) और खनिजों का संग्रहण।
- वसा का चयापचय।
- कार्बोहाइड्रेट चयापचय (ग्लाइकोजेनेसिस)
- प्रोटीन का चयापचय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- एंजियोटेंसिनोजेन संश्लेषण (यह हार्मोन रक्त वाहिकाओं के संकुचन हेतु उत्तरदायी हैं)
- रक्त को छानना।
- एल्ब्यूमिन फैटी एसिड और स्टेरॉयड का परिवहन।

**यकृत के रोग :**

- **सिरोसिस :** यह शराब के सेवन, विषाक्त पदार्थों और हेपेटाइटिस के कारण होता हैं जिसमे फाइब्रोसिस नामक प्रक्रिया में स्कार कोशिकाएं यकृत कोशिकाओं का स्थान ले लेती तथा यकृत कोशिकाओं की कार्यक्षमता नष्ट हो जाती है, जिससे यकृत विफलता हो सकती है।
- **यकृत कैंसर :** शराब और हेपेटाइटिस लिवर कैंसर के प्रमुख कारण हैं।
- **फैसिओलियासिस :** लिवर फ्लूक परजीवी के कारण होता हैं।
- **हेपेटाइटिस :** यह वायरस के कारण होता हैं जिससे यकृत में सूजन आ जाती हैं।
- **फैटी लिवर रोग :** इस रोग में यकृत कोशिकाओं में वसा की रिक्तिकाएँ जमा हो जाती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

### दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी : राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **1 अगस्त , 2025 को केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री ने नई दिल्ली में FIDE महिला विश्व कप 2025 की पदक विजेता दिव्या देशमुख और उपविजेता कोनेरू हम्पी को सम्मानित किया।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **दिव्या देशमुख : दिव्या देशमुख को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया, जो देश की 88वीं तथा चौथी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर है।**
- **दिव्या FIDE महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला और सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- 5 से 28 जुलाई, 2025 तक बटुमी में आयोजित फिडे महिला विश्व कप 2025 में 19 वर्षीय दिव्या देशमुख (नागपुर) और ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ। यह पहली बार था जब दो भारतीय महिलाएँ फाइनल में पहुँचीं।
- **कोनेरू हम्पी :** यह वर्ष 2002 में 15 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बनी थी।
- ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने न्यूयॉर्क में आयोजित FIDE विश्व रैपिड चैम्पियनशिप 2024 में इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर खिताब जीता था और एक से अधिक बार महिला रैपिड विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय और चीन की वेनजुन जू के बाद दूसरी खिलाड़ी बन गई।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- अक्टूबर, 2025 में गोवा FIDE पुरुष विश्व कप 2025 की मेज़बानी करेगा।

**शतरंज में भारत की वैश्विक स्थिति :**

| चैम्पियनशिप | भारतीय ग्रैंडमास्टर |
|---|---|
| वर्ल्ड चैम्पियन | गुकेश डोम्माराजु |
| वर्ल्ड रैपिड चैम्पियनशिप | कोनेरू हम्पी |
| चेस ओलंपियाड विजेता | भारत (ओपन) |
| चेस ओलंपियाड विजेता | भारत (महिला) |
| FIDE महिला वर्ल्ड कप विजेता | दिव्या देशमुख |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पुरस्कार

# 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **1 अगस्त, 2025 को निर्णायक मंडल द्वारा वर्ष 2023 के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

■ **घोषणा : केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय।**

■ **प्रदानकर्ता : राष्ट्रपति (नई दिल्ली)**

■ **उद्देश्य : कला, संस्कृति, सिनेमा और साहित्य आदि को प्रोत्साहित करना और श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### फ़ीचर फ़िल्म पुरस्कार

| श्रेणी | प्राप्तकर्त्ता | पुरस्कार |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फ़ीचर फ़िल्म | 12th फ़ेल (हिंदी), निर्देशक: विधु विनोद चोपड़ा | स्वर्ण कमल और 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| किसी निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म | आशीष बेंडे, फ़िल्म- आत्मापम्फलेट (मराठी) | स्वर्ण कमल और 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म | रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (हिंदी), निर्देशक: करण जौहर | स्वर्ण कमल और 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| सामाजिक, राष्ट्रीय और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फ़ीचर फ़िल्म | सैम बहादुर (हिंदी), निर्देशक: मेघना गुलज़ार | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म | नाल 2 (मराठी), निर्देशक: सुधाकर रेड्डी यक्कंती | स्वर्ण कमल और 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| AVGC (एनिमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म | हनु-मान (तेलुगु), निर्देशक: प्रशांत वर्मा | स्वर्ण कमल और 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |

| श्रेणी | प्राप्तकर्त्ता | फिल्म | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशन | सुदीप्तो सेन | द केरला स्टोरी (हिंदी) | स्वर्ण कमल और 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | शाहरुख खान | जवान (हिंदी) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार। |
| | विक्रम मैसी | 12th फेल(हिंदी) | |
| सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री | रानी मुखर्जी | मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे (हिंदी) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | विजयराघवन | पूक्कलम (मलयालम) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| | मुथुपेट्टई सोमू भास्कर | पार्लिंग (तमिल) | |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | |
|---|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | उर्वशी | उल्लोझुक्कु (मलयालम) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| | जानकी बोदीवाला | वश (गुजराती) | |
| सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार | सुकृति वेनी बंदरेड्डी | गांधी तथा चेट्टू (तेलुगु) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार |
| | कबीर खंडारे | जिप्सी (मराठी) | |
| | त्रिशा ठोसर, श्रीनिवास पोकाले और भार्गव जगताप | नाल 2 (मराठी) | |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन | गीत : जी वी प्रकाश कुमार | वाथी (तमिल) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार। |
| | पृष्ठभूमि संगीत : हर्षवर्धन रामेश्वर | एनिमल (हिंदी) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार। |
| सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी | कोरियोग्राफर: वैभवी मर्चेंट | रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (ढिंढोरा बाजे रे) (हिन्दी) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार। |

### गैर-फ़ीचर फ़िल्म पुरस्कार

| | | |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ जीवनी / ऐतिहासिक पुनर्निर्माण/संकलन फिल्म | मो बौ, मो गान (उड़िया) और ए लाइट ऑन द ईस्टर्न होराइजन (अंग्रेज़ी) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार। |
| सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म (30 मिनट तक) | गिद्ध द स्केवेंजर (हिन्दी) | रजत कमल और 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य श्रेणी :

### सर्वश्रेष्ठ गैर-फ़ीचर फ़िल्म :

- **फ़िल्म -** फ़्लॉवरिंग मैन (हिंदी), निर्देशक: सौम्यजीत घोष दस्तीदार।
  - **पुरस्कार -** स्वर्ण कमल और निर्माता और निर्देशक को 3-3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार।
- **सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार :** गॉड वल्चर एंड ह्यूमन।
- **सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार :** गिद्ध द स्कैवेंजर।
- **सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार :** कटहल: अ जैकफ्रूट मिस्ट्री।
  - **निर्माता:** नेटफ्लिक्स एंटरटेनमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड और सिख्या एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड।
  - **निर्देशक:** यशोवर्धन मिश्रा।
- फिल्म हनुमान को AVGC (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राज कुमार अरोड़ा : रक्षा लेखा महानियंत्रक**<br>♦ 1 अगस्त, 2025 को राज कुमार अरोड़ा ने रक्षा लेखा महानियंत्रक का पदभार ग्रहण किया।<br><br>♦ अरोड़ा वर्ष 1990 बैच के भारतीय रक्षा लेखा सेवा अधिकारी है।<br>♦ राज कुमार अरोड़ा ने UPSC में अपर सचिव, रक्षा मंत्रालय के अधिग्रहण कोर में वित्त प्रबंधक (वायु) और वित्त मंत्रालय में निदेशक के रूप में सरकारी सेवा प्रदान की। |
| 2. | **डॉ. मयंक शर्मा : वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवा)**<br>♦ 1 अगस्त, 2025 को डॉ. मयंक शर्मा ने वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवा) का पदभार ग्रहण कर लिया है।<br><br>♦ डॉ. मयंक शर्मा भारतीय रक्षा लेखा सेवा के वर्ष 1989 बैच के अधिकारी हैं।<br>♦ डॉ. मयंक शर्मा ने मंत्रिमंडल सचिवालय में अवर सचिव, उप सचिव और संयुक्त सचिव के पद पर भी कार्य किया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ♦ इन्होंने संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र अपराध रोकथाम और आपराधिक न्याय आयोग व संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग में वैकल्पिक स्थायी प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।<br>♦ डॉ. मयंक शर्मा, अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक अकादमी और वियना की राजनयिक अकादमी में भी भारत के प्रतिनिधि रहे हैं।<br>♦ शर्मा ने दिल्ली नगर निगम में अपर आयुक्त और एम्स दिल्ली में उप निदेशक, प्रशासनिक तथा वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार के रूप में कार्य किया है। |
| 3. | **वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन : नौसेना के 47वें उप प्रमुख**<br><br>♦ 1 अगस्त, 2025 को वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने नौसेना के 47वें उप प्रमुख (VCNS) के रूप में पदभार ग्रहण किया।<br>♦ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे के 71वें कोर्स के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को 1 जनवरी, 1988 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त हुआ था।<br>♦ वर्ष 2021 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 4. IPS बिनीता ठाकुर: CISF की नई ADG



- वर्ष 1996 बैच की राजस्थान कैडर की IPS अधिकारी बिनीता ठाकुर को केंद्र सरकार ने सेन्ट्रल इण्डस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (CISF) में ADG पद पर नियुक्त किया।

## 5. डॉ. ए. राजराजन



- 1 अगस्त, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. राजराजन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) के निदेशक का पद नियुक्त किया गया।
- डॉ. राजराजन डॉ. एस. उन्नीकृष्णन नायर का स्थान लेंगे, जो 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त हो गए हैं।
- इससे पूर्व राजराजन श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC-SHAR) के निदेशक के रूप में कार्यरत थे।
- डॉ. राजराजन इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइज़ेशन सेंटर (IN-SPACe) बोर्ड के सदस्य हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 6. सस्टेनेबल एग्रीकल्चर डे : 7 अगस्त



- महाराष्ट्र सरकार ने घोषणा की है कि भारत की हरित क्रांति के सूत्रधार भारत रत्न डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में 7 अगस्त को प्रति वर्ष 'सस्टेनेबल एग्रीकल्चर डे' के रूप में मनाया जाएगा।
- गेहूँ और चावल की उत्पादकता बढ़ाने में डॉ. स्वामीनाथन के अग्रणी अनुसंधान ने भारत को खाद्यान्न आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने में मदद की। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2024 में भारत रत्न से सम्मानित किया।
- उन्हें संयुक्त राष्ट्र ने भी आर्थिक पर्यावरण के जनक के रूप में मान्यता दी।
- उनकी विरासत को याद करने के लिए राज्य भर के सभी कृषि विश्वविद्यालयों में डॉ. एमएस स्वामीनाथन बायो-हैप्पीनेस सेंटर स्थापित किए जाएँगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR